हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आन्दोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email Id: prakharpurvanchal@gmail.com

वाराणसी, चन्दौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, इलाहाबाद तथा गोरखपुर से प्रसारित

वर्ष ७ अंक ३५५ पृष्ठ ४, मूल्य ३.००, आमंत्रण मूल्य २.०० १८ जून २०२३ दिन रविवार गाजीपुर/वाराणसी

## सड़क मार्ग से जल्द ही भारत से थाईलैंड व बैंकॉक जाने का सपना होगा साकार

### भारत–म्यांमार–थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग 1360 किलोमीटर लंबा



प्रखर एजेन्सी। जल्द ही थाईलैंड जैसे देश में घूमने की सुविधा सड़क मार्ग से मिल सकती है। इस पर कवायद शुरू कर दी गई है। बता देगी सरकार ने कोलकाता के रास्ते सड़क मार्ग से थाईलैंड जाने के लिए त्रिपक्षीय राजमार्ग आने वाले 4 वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। जिसके बाद थाईलैंड का सफर करने वाले सड़क मार्ग से अपने वाहन से जा सकेंगे। जानकारी के मुताबिक, राजमार्ग के भारतीय और थाईलैंड भागों पर अधिकांश काम पूरा हो गया है। भारत–म्यांमार–थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग के बारे में 1360 किलोमीटर लंबा भारत–म्यांमार–थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग भारत, म्यांमार और थाईलैंड की एक साझी पहल है। भारत, म्यांमार में त्रिपक्षीय राजमार्ग के दो खंडों का निर्माण कर रहा है। इसमें 120.74 किलोमीटर कलेवा–याग्यी सड़क खंड का निर्माण और 149.70 किलोमीटर तामू–कियगोन–कलेवा (टीकेके) सड़क खंड पर अप्रोच रोड के साथ 69 पुलों का निर्माण शामिल है। नवंबर 2017 में टीकेके खंड के लिए और मई 2018 में कलेवा–यज्ञी खंड के लिए काम दिया गया था। उस वक्त दोनों परियोजनाओं को पूरा करने का निर्धारित समय काम शुरू होने की तारीख से तीन साल तय किया गया था। इन दोनों परियोजनाओं को म्यांमार सरकार को अनुदान सहायता के तहत भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। हाल ही में कोलकाता में बिम्सटेक देशों (बांग्लादेश, भूटान, भारत, म्यांमार, नेपाल, श्रीलंका और थाईलैंड) का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित किया गया था। इसी सम्मेलन में भाग लेने वाले म्यांमार और थाईलैंड के मंत्रियों और वरिष्ठ अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस सड़क परियोजना पर काम अगले तीन से चार वर्षों के भीतर पूरा किया जाएगा। राजमार्ग के भारतीय और थाईलैंड भागों पर अधिकांश काम पूरा हो गया है, जबकि म्यांमार में असामान्य परिस्थितियों की वजह से निर्माण अभी रुका हुआ है। म्यांमार के वाणिज्य मंत्री आंग नाइंग ओ की मानें तो म्यांमार के अंदर राजमार्ग का अधिकांश भाग पूरा हो चुका है। मंत्री ने 2026 के अंत तक अधूरे हिस्सों को पूरा करने के साथ–साथ अपग्रेडेशन वाले हिस्सों को पूरा करने के लिए उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा कि कलेवा और यार ग्यी के बीच राजमार्ग के 121.8 किलोमीटर के हिस्से को चार लेन के राजमार्ग में अपग्रेड किया जा रहा है और इसमें समय लग रहा है। थाईलैंड के विदेश मामलों के उप मंत्री विजावत इसराभकदी ने बताया कि थाईलैंड–म्यांमार सीमा पर स्थित बैंकाक से मॅई सॉट तक राजमार्ग का थाईलैंड भाग लगभग पूरा हो चुका है। यह 501 किलोमीटर का हिस्सा लगभग तैयार है। यह एशियाई राजमार्ग–1 का भी हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि अभी कुछ हिस्सों में हाईवे के शोल्डर को पक्का करने और किनारे और डिवाइडर पर पेड़ लगाने और फूलों की झाड़ियां लगाने जैसे छोटे–मोटे काम चल रहे हैं। यह सब बहुत जल्द खत्म हो जाएगा। त्रिपक्षीय राजमार्ग कोलकाता में शुरू होता है, उत्तर में सिलीगुड़ी तक जाता है और यहां से यह पूर्व की ओर मुड़ता है। आगे कूचबिहार होते हुए बंगाल से बाहर निकलेगा और श्रीरामपुर सीमा के माध्यम से असम में प्रवेश करेगा। इस दौरान उत्तर बंगाल का दोआर्स क्षेत्र भी कवर होगा। यह दीमापुर से नगालैंड में प्रवेश करने के लिए असम में पूर्व दिशा के क्षेत्रों को कवर करता है। राजमार्ग फिर नगालैंड और मणिपुर के माध्यम से दक्षिण की ओर मुड़ता है। आगे इम्फाल से गुजरते हुए मोरेह के माध्यम से म्यांमार में प्रवेश करता है। मोरेह से, यह मॅई सॉट के माध्यम से थाईलैंड में प्रवेश करने के लिए मांडले, नैप्यीडॉ, बागो और म्यावाडी को पार करने के लिए दक्षिण–पश्चिम दिशा को कवर करता है। त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना को पहली बार अप्रैल 2002 में म्यांमार में भारत, म्यांमार और थाईलैंड की एक मंत्रिस्तरीय बैठक में प्रस्तावित और अनुमोदित किया गया था। यह प्रस्ताव को उस समय अटल बिहारी वाजपेयी सरकार द्वारा पेश किया गया था। वाजपेयी ने भारत और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संघ (आसियान) के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए परियोजना का प्रस्ताव रखा था। वाजपेयी ने प्रस्ताव दिया था कि राजमार्ग को अंततः कंबोडिया के माध्यम से वियतनाम और फिर लाओस तक बढ़ाया जा सकता है। बाद में परियोजना केवल कागजों पर ही रह गई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद इस पर काम शुरू हुआ। भारत–म्यांमार–थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग परियोजना भारत की सबसे महत्वाकांक्षी श्लुक ईस्ट पॉलिसीश का एक हिस्सा है। यह भारत सरकार द्वारा शुरू की गई सबसे महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना है। इस परियोजना के पूरा होने के बाद उत्तर–पूर्वी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था में सुधार होगा। इस परियोजना के पूरा होने के बाद, म्यांमार, थाईलैंड, हांगकांग और सिंगापुर सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र और अन्य एशियाई देशों के भीतर लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा। यह अंततः भारत के पर्यटन क्षेत्र में सुधार करेगा। सामरिक दृष्टिकोण से, विशेष रूप से चीन को ध्यान में रखते हुए, भारत के पड़ोसी देशों जैसे म्यांमार और थाईलैंड के साथ संबंधों को सुधारने में मदद मिलेगी। यह परियोजना पूर्वोत्तर क्षेत्र के भीतर कनेक्टिविटी में सुधार करेगी।

## हीट स्ट्रोक से दर्जनों मौत के बाद बलिया में मचा कोहराम

### जिला चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक पर गिरी गाज

**मौसम की मार से पूरे जिले में कोहराम**

प्रखर बलिया/एजेन्सी। भीषण गर्मी और लू के कहर के बीच बलिया के जिला अस्पताल में मौतों का सिलसिला जारी है। पिछले 24 घंटे में हीट स्ट्रोक से 31 लोगों की मौत हुई है। मृतकों में 50 वर्ष से अधिक उम्र वालों की संख्या ज्यादा है। मामले को शासन ने गंभीरता से लिया है। शनिवार को जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. दिवाकर सिंह को हटा दिया गया। लखनऊ की एक टीम बलिया के लिए रवाना हो गई है। मौसम की मार से पूरे जिले में कोहराम मचा है। प्रचंड गर्मी और लू के बीच बलिया जिला अस्पताल के आंकड़े भयावह हैं। आकंड़ों के मुताबिक, बीते सात दिन में ही हीट स्ट्रोक से 100 से ज्यादा लोगों की मौत हुई है। इन मौतों ने लोगों को हिलाकर रख दिया है। बलिया जिले में पिछले तीन–चार दिन से 43–44 डिग्री सेल्सियस के ऊपर तापमान चल रहा है।डायरिया और लू के मरीजों से सरकारी व निजी अस्पताल के बेड फुल हो गए हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में आने वाले अधिकतर मरीजों की मौत हो जा रही है। शुक्रवार सुबह से खबर लिखे जाने तक 31 मरीजों की मौत हुई है। इससे पहले बीते गुरुवार को मौतों का आंकड़ा भी 31 तक पहुंचा था। जिला अस्पताल की इमरजेंसी और वार्डों में भर्ती मरीजों की अचानक मौत की संख्या में इजाफा होने के कारण निरूशुल्क शव वाहन तक नहीं मिल पा रहे हैं। लोगों को निजी वाहनों से शव लेकर जाना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के कर्मचारियों के अनुसार, कोरोना संक्रमण के दौरान भी एक दिन में इतनी मौतें नहीं हुई थीं। गंगा घाटों पर पूरी रात चिता की आग शांत नहीं हो रही है। इधर, जिला अस्पताल के इमरजेंसी कक्ष, इमरजेंसी वार्ड सहित अन्य वार्डों में कूलर और एसी लगवाए गए हैं। डॉक्टरों, पैरा मेडिकल की टीम तैनात है। मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है। इसके बाद मरीजों को कुछ राहत मिल रही है। चिकित्सक लोगों को हीट स्ट्रोक से बचाव के उपाय बता रहे हैं।

## पांच वर्षीया मासूम के साथ अधेड़ ने किया शर्मनाक अश्लील हरकत

प्रखर जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला फिरोशेपुर मोहल्ले में 5 वर्षीया मासूम के साथ शर्मनाक ढंग से अश्लील हरकत वृद्ध व्यक्ति द्वारा करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है आपको बताते चलें कि शुक्रवार दिन के लगभग 4रू00 बजे एक मासूम बच्ची अपने दरवाजे पर खेल रही थी कि उसी समय पड़ोस का रहने वाला एक व्यक्ति उसे टॉफी देने का लालच देकर अपने घर के अंदर ले गया। घर के अंदर ले जाकर शैतान व्यक्ति उसे बच्ची के होठों को चूसना शुरू किया और उसके गुप्तांग पर अपना हाथ रख लिया। इतना ही नहीं बेशर्मी की हद तो तब पार कर दिया जब जबरदस्ती उसके मुंह तक से कर डाला। मासूम बच्ची अपने घर आकर अपनी मां से पूरी बात बताइए। परिजन जब इस बात को पूछने के लिए उसके घर गए तो गंदी गंदी गालियां देते हुए भगा दिया और जान से मारने की धमकी भी दिया। घटना की जानकारी होते ही पूरे मोहल्ले के लोग आक्रोशित हो गए और बड़ी संख्या में जुट कर कोतवाली पहुंच गए। शहर कोतवाल सतीश कुमार सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है जिस व्यक्ति पर यह आरोप लगाया गया है देखने में वह बड़ा ही सीधा–साधा एक सच्चा मनुष्य दिखाई देता है लेकिन उसके मन का कालापन आज जनता के सामने उजागर हो चुका है।

## भाजपा– सुभासपा के बीच फिर गठबंधन की सुगबुगाहट, घोसी, गाजीपुर, भदोही व चंदौली में से दो सीटों पर बन सकती है बात!

### गठबंधन व लोकसभा सीटों पर अगस्त में हो सकता है फैसला



प्रखर वाराणसी/लखनऊ। सुभासपा की नजदीकियां बीजेपी से दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में सुभासपा बीजेपी के साथ गठबंधन में रहेगी। मिली जानकारी के अनुसार 13 जून को मुख्यमंत्री से वाराणसी सर्किट हाउस में सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहुराबाद से विधायक ओमप्रकाश राजभर चुपके से मिले। लेकिन उनसे पूछने पर उन्होंने इसकी पुष्टि नहीं की। कयास लगाए जा रहे हैं कि जल्द ही सुभाषपा का गठबंधन बीजेपी के साथ होगा और लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ सकती है। बतादे कि 2022 के विधानसभा चुनाव के पहले भाजपा से रिश्ता तोड़ने वाले सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से खड़े दिखाई देंगे। इस बात के संकेत दिखने लगे हैं। राजभर के बेटे अरूण राजभर की शादी के मौके पर भाजपा नेताओं का जुटान और उसके 48 घंटे के भीतर ही आधी रात को मुख्यमंत्री से बंद कमरे में राजभर की मुलाकात ने भाजपा से गठबंधन की तरफ साफ तौर पर इशारा कर रहा है। बताते चले कि वाराणसी दौरे पर आए मुख्यमंत्री योगी और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर के बीच हुई करीब पौन घंटे की मुलाकात ने जहां प्रदेश में सियासी सरगर्मी को बढ़ा दी है। वहीं, सुभासपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण राजभर ने जो संकेत दिए है, उससे 2024 में सुभासपा का बीजेपी के साथ आना लगभग तय माना जा रहा है। दोनों नेताओं की मुलाकात के बाद अरुण ने कहा था कि जल्द ही वह परिवार सहित लखनऊ पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास जाकर योगी से आशीर्वाद लेंगे। अरुण के इस बयान के सियासी निहितार्थ निकाले जा रहे हैं कि राजभर के तल्ख बयानों को लेकर असहज रहने वाले मुख्यमंत्री को सहज करने की कोशिश है। हालांकि राजभर और भाजपा की तरफ से गठबंधन के बारे में अभी तक अधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा जा रहा है, पर दोनों तरफ के नेताओं द्वारा एक दूसरे के प्रति जिस सहजता से बयान दिए जा रहे हैं, उससे यह माना जा रहा है कि भाजपा–सुभासपा के नए रिश्ते की अधिकारिक घोषणा जल्द की जा सकती है। वहीं, उच्च पदस्थ सूत्रों का कहना है कि दोनों दलों के बीच गठबंधन को लेकर बातचीत लगभर पूरी हो चुकी है। हालांकि सूत्रो का मानना है कि पूर्वांचल की सामाजिक समीकरणों और प्रदेश की राजनीतिक गणित को देखते हुए भाजपा और राजभर को एक दूसरे की जरूरत है। दबे जुबान सूत्रों का कहना है कि राजभर गठबंधन की अधिकारिक घोषणा होने से पहले ही उन सीटों को पक्का करना चाहते हैं, जिनपर वह सुभासपा के उम्मीदवार लड़ाना चाहते हैं। सूत्रों का कहना है कि राजभर ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के सामने फिलहाल दो सीटों पर दावेदारी पेश की है। इनमें एक घोसी के अलावा गाजीपुर, भदोही और चंदौली में कोई भी एक सीट शामिल हों सकती है। वही माना जा रहा है कि मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद अब राजभर और भाजपा के बीच गठबंधन की अधिकारिक घोषणा होना बाकी रह गया है। जल्द ही राजभर की दिल्ली में भाजपा नेतृत्व से मुलाकात भी होनी है। इस मुलाकात में गठबंधन के स्वरूप को अंतिम रुप दिया जा सकता है । इसके बाद अगस्त में गठबंधन की घोषणा की जा सकती है। हालांकि राजभर के कोटे में लोकसभा की कौन सी सीट जाएगी, इसको चुनाव के समय ही सार्वजनिक की जाएगी।

## दो बाइकों के आपसी टक्कर में 7 युवक घायल दो की हालत गंभीर



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। गहमर थाना क्षेत्र के गोडसरा गांव के मो0 जीशान खान शुक्रवार को अपने 6 दोस्तों के साथ दो बाइकों पर सवार होकर कर्मनाशा नदी में नहाने के लिए जा रहा था। घोड़सरा कैथी मार्ग पर दोनों बाइकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में 7 युवक घायल हो गए। आनन–फानन में सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो युवकों की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गौड़सरा निवासी मोहम्मद जीशान खान अपने छह दोस्तों के साथ 2 बाइक पर सवार होकर कर्मनाशा नदी में नहाने के लिए जा रहा था अभी गोडसरा कैथी मार्ग पर ही पहुंचे थे कि दोनों बाइको में जोरदार टक्कर हो गई। आनन–फानन में सभी लोगों को 108 एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कराया गया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद दो की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों बाइकों पर क्रमशः 4 और 3 की संख्या में बैठे कुल सातों युवक चलती बाइक पर हाथ पकड़ कर चल रहे थे। इसी के दौरान दोनों बाइक अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में आपस में सटकर जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें जीशान खान उम्र 16 वर्ष मजहर खान उम्र 16 वर्ष आदिल उम्र 17 वर्ष इकराम खान उम्र 18 वर्ष कामरान उम्र 17 साल वर्ष अयान खान उम्र 15 वर्ष एवं जमशेद उम्र 18 वर्ष शामिल रहे ।इसमें जीशान और मजहर की स्थिति गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## दो अलग–अलग घटनाओं में पुलिस ने दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



प्रखर केराकत जौनपुर। क्षेत्र के गंगौली गांव निवासी पच्चीस हजार इनामिया राहुल सिंह उर्फ अभय सिंह पुत्र रविंद्र सिंह उर्फ मुन्ना सिंह को पुलिस ने अभियुक्त के घर गंगौली से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। गौरतलब है कि पुलिस अधीक्षक डॉक्टर अजय पाल शर्मा के द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध के चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्राधिकारी गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव के नेतृत्व में निरीक्षक अपराध देवेंद्र सिंह, अटल बिहारी मिश्रा व उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह हे0का0 पीयूष सिंह, हे0का0 शिवकुमार सिंह द्वारा पच्चीस हजार इनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। वही क्षेत्र के तेजपुर अईलीपुर निवासी अनितेश यादव उर्फ गोलू पुत्र राजेंद्र यादव यादों को केराकत पुलिस में शनिवार की दोपहर 3रू40 पर टाइ बीर बाबा मंदिर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा। अभियुक्त के पास से मुकदमा उक्त में लूटी गई मोटरसाइकिल,एक अदद देसी तमंचा 32 बोर,अदद जिंदा कारतूस 32 बोर के साथ बरामद किया गया अवैध तमंचा व कारतूस की बरामदी के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत करते हुए न्यायालय भेजा। गिरफ्तार करने वाली टीम से प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव, निरीक्षक अपराध देवेंद्र सिंह, उप निरीक्षक अटल बिहारी मिश्रा, उपनिरीक्षक हरिश्चंद्र सिंह, हेड कांस्टेबल पीयूष सिंह हेड कांस्टेबल शिव कुमार सिंह मौजूद रहे।

# भीड तंत्र के खतरों से अनभिज्ञ समाज; भीड़ का न्याय सामाजिक शांति को खतरा

देश के कई राज्य हिंसा तथा चुनाव की प्रतिस्पर्धा से जल रहे हैं। मानवता चीत्कार कर रही है और आम नागरिक अपने जलते हुए घरों और परिजनों के मृत शव को देखकर भयभीत हो रहे हैं। मणिपुर और पश्चिम बंगाल की हिंसात्मक घटनाओं को देखकर धीरे-धीरे सामाजिक न्याय पर विश्वास उठता जा रहा है जब मंत्रियों के घरों में आग लगाई जा सकती है तो आम आदमी कि कोई अहमियत नहीं रह गई है। राज्य सरकारें हाथ में हाथ धरे बैठी केंद्र सरकार को हस्तक्षेप करना पड़ रहा है बड़ी विभीषिका के दृश्य सामने आ रहे है ।भीड तंत्र द्वारा किया गया न्याय राज्य की विफलता है। जो कार्य राज्य की कार्यपालिका तथा न्यायपालिका द्वारा गुण दोष के आधार पर किया जाना चाहिए, आज उसे भीड़ तंत्र द्वारा किया जा रहा है, यह सार्वभौमिक अवधारणा है कि भीड़ को राजनीति और सत्ता मिलकर पैदा करते हैं, और यही सामूहिक लोगों की भीड़ राज्य के नियंत्रण से मुक्त होकर राज्य के अस्तित्व को चुनौती देने लगती है। और फिर सामने आती है माब लीचिंग। वर्तमान समाज उपभोक्तावादी हो गया है,आजकल सहयोग तथा सहिष्णुता की भावना तथा समझ लगातार कम होते जा रही है। हम की संयुक्त भावनाओं के बजाए मैं की प्रवृत्ति सामने आने लगी है । और समाज व्यक्ति केंद्रित विकास की ओर अग्रसर हो कर समाज का एक बड़ा तबका विकास के पथ से बहुत पीछे छूट गया है। वस्तुतः एक तरफा वैश्वीकरण तथा साधनों के केंद्रीकरण के कारण गरीबी तथा बेरोजगारी खुलकर सामने आने लगी है। भारत के 10: लोगों के पास देश की 58: संपत्ति का स्वामित्व है। एवं देश की पूंजी का 70: भाग 1 प्रतिशत लोगों के अधिकार क्षेत्र में है ।यही कारण है कि भारत में भी फ्रांस एवं रूस की क्रांति जैसी स्थितियां उत्पन्न हो सकती हैं। इस मामले में भारत में हर राज्य की भूमिका अलग-अलग तथा भिन्न भिन्न है। भारत की शिक्षा व्यवस्था भी भीड़ तंत्र को काफी प्रोत्साहित कर रही। बैचलर डिग्री तथा मास्टर डिग्री लेने के बाद डिग्री धारी लोग बेरोजगारी या अल्प रोजगार के कारण कुंठित हो रहे हैं। और यही कुंठा बेरोजगारी एवं गरीबी किसी भी घटना को भीड़ तंत्र की ओर खींचती है, फल स्वरूप मॉब लिंचिंग की अनेक घटनाएं सामने आने लगी हैं। दूसरी तरफ कानून का यह मानना है कि न्याय में विलंब न्याय को नकारना है। भारत की न्याय व्यवस्था अपने लंबित मुकदमों तथा प्रकरण के कारण एक तरह से अन्याय को ही जन्म देती है। किसी हत्यारे या बलात्कारी को सजा देने का समय तब आता है, जब आरोपी बहुत बुजुर्ग अथवा मर चुका होता है। भीड़ तंत्र अस्थाई रूप से समान मूल्यों तथा भावनाओं की पहचान के साथ जुड़े अलग-अलग समूहों के लोगों का शामिल एक बड़ा समूह है। भीड़ की कोई अपनी आंख शक्ल नहीं होती एवं भीड़ की कोई पहचान भी नहीं होती है। इसके उद्देश्य तत्कालिक होते हैं, यह भी हो सकता है कि भीड़ में जो एक क्षण पहले नायक हुआ करता था, वह अगले ही पल उस समूह का पीड़ित व्यक्ति भी हो सकता है।

**संजीव ठाकुर, स्वतंत्र लेखक**

# प्राथमिकता के तौर पर होगा विकास-विद्यार्थी




**पेंशन को लेकर सदस्यों ने उठायी आवाज; सोंधी में पचास करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर**

प्रखर खेतासराय(जौनपुर)। क्षेत्र पंचायत शाहगंज ब्लॉक सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में बीसीडी सदस्यों ने अपनी समस्या को पटल पर रखी । जिसमें पेंशन को लेकर मुद्दा प्रमुखता से छाया रहा । करीब पचास करोड़ के प्रस्ताव पर मुहर लगी । बारी बारी से सम्बंधित अधिकारियों ने अपनी जानकारी साझा की । ब्लॉक प्रमुख मंजू सिंह की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए । पिछली कार्यवाही पर चर्चा के साथ ही नए प्रस्ताव को एजेंडे में शामिल किया गया । क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने पेंशन की समस्या को उठाते हुए कहा कि उनके क्षेत्र में विधवा पेंशन, वृद्धा और विकलांग समेत अन्य पेंशन में लोगों का नाम ही जुड़ रहा है जिस पर जवाब देते हुए समाज कल्याण अधिकारी मो आसिफ ने कहा कि नाम फीड करने में समस्या आ रही है जल्द नाम जुड़ जाएगा । हालांकि पेंशन के मामले में सोंधी विकास खण्ड सूबे में अव्वल है । स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर मसूद, बीटी सत्यपाल, पशुपालन विभाग से डाक्टर विपिन तिवारी ने विभिन्न जानकारी साझा किया । बीडीओ नंदलाल कुमार ने सभी योजनाओं के प्रगति की जानकारी सदन में रखी । बतौर मुख्यातिथि सम्बोधित करते हुए भाजपा नेता विजय सिंह विद्यार्थी ने कहा कि पूरे ब्लॉक में जो काम हुआ है वह प्रदेश में ऐतिहासिक है । जहाँ काम अभी शेष है वहाँ प्राथमिकता तौर पर विकास कार्य होगा । कही भी भेदभाव नही होने दिया जाएगा । संचालन सत्यपाल सिंह ने किया । इस अवसर पर प्रमुख रूप से परवेज आलम भुट्टो, अजय सिंह, सूरज राजभर, वाकिब, कमलाकांत कुमार मौर्य, दीपक सिंह, सेराज अहमद समेत अन्य लोग शामिल रहे ।

# प्रो. रमेश मणि त्रिपाठी कला संकाय के संकायाध्यक्ष नामित



प्रखर जौनपुर। वीर बहादुर पूर्वांचल विश्वविद्यालय से संबद्ध कुटीर महाविद्यालय चक्के के प्राचार्य प्रोफेसर रमेश मणि त्रिपाठी को कला संकाय का संकाय अध्यक्ष नामित किया गया है। यह नियुक्ति चक्राक्रम और वरिष्ठता के आधार पर की गई है। इस आशय का पत्र कुलपति के आदेश के क्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कार्यालय आदेश जारी किया है। इसके पूर्व प्रोफेसर त्रिपाठी को एनसीसी का डीजी अवार्ड में मिल चुका है। वर्तमान में वह विश्वविद्यालय के कार्य परिषद के सदस्य एवं कुटीर महाविद्यालय चक्के के प्राचार्य भी हैं। इसके पूर्व विश्वविद्यालय की पीएच.डी. प्रवेश परीक्षा के समन्वयक भी थे। और उन्होंने पारदर्शी ढंग से पूरे प्रवेश परीक्षा प्रक्रिया को अंजाम दिया। प्रो. त्रिपाठी की सक्रियता को देखकर विश्वविद्यालय लगातार महत्वपूर्ण समितियों में उन्हें नामित करती आई है। गत सत्र में बीएड की संयुक्त प्रवेश परीक्षा में विश्वविद्यालय के नोडल कोआर्डिनेटर भी रह चुके है। उन्हें संकायाध्यक्ष बनने पर प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. प्रदीप कुमार, प्रो. देवराज सिंह,. मनोज मिश्र, डा. मनीष गुप्ता, डा. सुनील कुमार, डा. एसपी तिवारी, डा.मनोज पांडेय, डा. जाह्नवी श्रीवास्तव, मंगला प्रसाद ने बधाई दी।

# कर लो जरा सुधार !

**कृष्णेन्द्र राय**



हो जाती दुर्घटना तो ।
कर लो जरा सुधार ।।
है लेनी यदि सीख ।
फिर यही आधार ।।
गलती को दुहराकर ।
क्यों बनना लाचार ?
हो जाती है फजीहत ।
ना ये चमत्कार ।।
हो भले ही देर ।
सही फैसला लेना ।।
सही राह के खातिर ।
होगा आखिर तपना ।।
सोच समझकर चलने से ।
आना तय बदलाव ।।
पुनः लगता होने ।
सबका फिर जुड़ाव ।।

# प्राचार्य की बेटी का आईआईटी में चयन से खुशी का माहौल



प्रखर सुईथाकला जौनपुर।गांधी स्मारक पीजी कॉलेज समोधपुर के प्राचार्य प्रोफेसर रमेश चंद्र सिंह की बेटी अपूर्वा सिंह का भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान( आईआईटी) धनबाद बिहार में चयन से विद्यालय परिवार पूर्ण रूप से गदगद है। बिटिया ने यह सफलता हासिल करके क्षेत्र,विद्यालय परिवार और अपने माता-पिता का नाम ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है।महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह एक अनुपम उदाहरण है।उपरोक्त हृदय के उद्गार गांधी स्मारक विद्यालय संकुल के प्रबंधक हृदय प्रसाद सिंह रानू ने आईआईटी में चयन होने पर व्यक्त किए।श्री गांधी स्मारक इंटर कॉलेज समोधपुर के पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. रणजीत सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए हार्दिक बधाई दी है । उन्होंने कहा कि प्राचार्य के बच्चों में बचपन से ही मैंने झलकती हुई प्रतिभा देखी है।शिक्षा के साथ-साथ बच्चों को संस्कारित करना उनकी पारिवारिक परंपरा का अभिन्न अंग रही है। आगे और अच्छा करने की शुभकामनाएं देता हूं। पिता प्रो. सिंह ने कहा कि बेटियों को देखने का समाज का नजरिया इस तरह से हो कि बेटों के बराबर अधिकार दिया जाए तो देश और अधिक सशक्त होगा। बालक और बालिकाओं को शिक्षित करने में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए तभी देश और समाज सकारात्मक दिशा में प्रगति कर सकता है। विद्यालय संकुल के समस्त प्रधानाचार्य तथा शिक्षकों ने भी बधाई दी है।अपूर्वा ने अपनी सफलता के पीछे परिवार के सभी सदस्यों तथा शिक्षकों का योगदान बताया।मम्मी अनीता सिंह तथा बड़े भाई अनुराग सिंह का विशेष योगदान व मार्गदर्शन रहा है। उन्होंने कहा कि लाइफ का कोई शॉर्टकट नहीं होता बल्कि किसी भी विषय वस्तु की विस्तृत जानकारी रखनी चाहिए। कहा कि असफलता ही सफलता की पहली सीढ़ी है।शिक्षा में हमेशा अव्वल रहना उनकी खास पहचान रही है।

# 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' में मंदिर न्यासियों की मांग !

## गोवा का आदर्श रखकर केंद्र सरकार देशभर के मंदिरों का जीर्णोद्धार करें !




प्रखर फोंडा। गोवा में पुर्तगालियों ने प्राचीन भारतीय संस्कृति नष्ट करने के लिए अनेक मंदिरों का विध्वंस किया । विदेशी आक्रमणकारियों ने नष्ट किए हुए इन सर्व मंदिरों का जीर्णोद्धार कर भारतीय संस्कृति का पुनरुज्जीवन करने का महत्त्वपूर्ण निर्णय गोवा सरकार ने लिया है । उसके अनुसार प्राचीन श्री सप्तकोटेश्वर मंदिरों का जीर्णोद्धार गोवा सरकार ने स्वयं किया तथा अन्य मंदिरों का जीर्णोद्धार करने के लिए एक समिति स्थापित कर आगे की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है । गोवा सरकार का यह निर्णय अनुकरणीय है । देशभर में मुगल आक्रमणकारियों ने अनेक मंदिरों को उध्वस्त किया है, यह इतिहास उपलब्ध है । इसलिए गोवा सरकार के समान ही केंद्र सरकार देशभर में विदेशी आक्रमणकारियों ने तोडे हुए सर्व हिन्दू मंदिरों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय ले तथा देश की सांस्कृतिक धरोहर की रक्षा करे, ऐसी महत्त्वपूर्ण मांग 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' में की गई है, ऐसी जानकारी 'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ' के समन्वयक श्री. सुनील घनवट ने आज पत्रकार परिषद में दी । वे 'वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव' के निमित्त आयोजित पत्रकार परिषद में बोल रहे थे । इस समय 'काशी स्थित ज्ञानवापी मुक्ति के लिए न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले' सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन, 'गोमंतक मंदिर महासंघ' के श्री. जयेश थळी, 'ज्योतिर्लिंग श्रीक्षेत्र भीमाशंकर देवस्थान' के अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश कौदरे एवं विदर्भ की 'देवस्थान सेवा समिति' के सचिव श्री. अनुप जायस्वाल उपस्थित थे ।

**काशी के पश्चात मथुरा एवं किष्किंधा मुक्ति के लिए संघर्ष करेंगे ! – अधिवक्ता विष्णु जैन**

इस अधिवेशन के कारण काशी स्थित ज्ञानवापी की मुक्ति के लिए संघर्ष निश्चित रूप से प्रारंभ हो चुका है । अब काशी के पश्चात मथुरा एवं किष्किंधा की मुक्ति के लिए संघर्ष प्रारंभ करने की जानकारी 'काशी स्थित ज्ञानवापी मुक्ति के लिए न्यायालयीन संघर्ष करनेवाले' सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने दी । उन्होंने आगे कहा काशी के बाद मथुरा मामले में भी 'वक्फ एक्ट' और 'प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट' लागू नहीं होता, है ऐसा निर्णय उच्च न्यायालय ने दिया है । न्यायालय ने याचिका को सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है । साथ ही न्यायालय ने पुरातत्व विभाग को दोनों जगहों का सर्वे करने का भी आदेश दिया है । भगवान हनुमानजी की जन्मस्थली किष्किंधा के संबंध में कर्नाटक राज्य के कानून को उच्च न्यायालय द्वारा असंवैधानिक घोषित किया गया है। देश भर में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा मंदिर को लेकर बनाए गए सभी कानून संविधान के अनुच्छेद 19, 21, 25, 26 एवं 27 का उल्लंघन करते हैं । इसलिए केंद्र सरकार को एक कानून बनाकर इन सभी कानूनों को निरस्त करना चाहिए तथा सभी मंदिरो को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करना चाहिए, ऐसा भी अधिवक्ता जैन ने कहा । इस अवसर पर श्री. सुनील घनवट ने कहा कि, हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन ने सदैव ही 'मंदिर मुक्ति एवं मंदिर रक्षा' की भूमिका ली है । इस अधिवेशन से अनेक मंदिरों के अभियान प्रारंभ हुए हैं । उदा. मध्य प्रदेश का भोजशाला मुक्ति आंदोलन, तिरुपती बालाजी स्थित अवैधानिक इस्लामिक अतिक्रमण हटानाय पंढरपुर, शिरडी, कोल्हापुर, तुळजापुर स्थित सरकार अधिग्रहित मंदिरों के भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष आदि प्रमुख अभियान हैं । मंदिर संस्कृति की रक्षा होने के लिए उसका जतन होना चाहिए और वह बढनी चाहिए । इसके लिए गोवा में 'गोमंतक मंदिर महासंघ' काम कर रहा है तथा महाराष्ट्र में 'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ' कार्य कर रहा है । महाराष्ट्र में हमने 131 मंदिरों में वस्त्रसंहिता लागू की है । महाराष्ट्र के समान शीघ्र ही हम कर्नाटक, दिल्ली आदि राज्यों के मंदिरों के न्यासियों की बैठक आयोजित करनेवाले हैं । इस अवसर पर 'गोमंतक मंदिर महासंघ' के श्री. जयेश थळी ने कहा, पुर्तगालियों द्वारा उध्वस्त मंदिरों का जीर्णोद्धार गोवा सरकार समयमर्यादा निश्चित कर समय पर पूर्ण करे । इस संबंध में सरकार ने जो समिति स्थापित की है, उस समिति को मंदिर महासंघ का पूर्ण सहयोग रहेगा । मंदिरों की जो समस्याएं हैं, उन्हें सुलझाने के लिए 'मुंबई सार्वजनिक विश्वस्त संस्था अधिनियम' में परिवर्तन करने के लिए 'देवालय सेवा समिति' ने कार्य प्रारंभ कर दिया है, ऐसी जानकारी समिति के सचिव श्री. अनुप जायसवाल ने दी । इस समय 'ज्योतिर्लिंग श्रीक्षेत्र भीमाशंकर देवस्थान' के अध्यक्ष अधिवक्ता सुरेश कौदरे ने कहा कि, आज मस्जिदों के इमाम तथा मुल्ला-मौलवियों को वेतन तथा मदरसों को अनेक राज्यों में सरकार अनुदान दे रही है । तब मंदिर के पुजारियों को वेतन क्यों नहीं दिया जाता ? आज पुजारियों की अनेक समस्याएं हैं । वंशपरंपरागत पुजारी एवं वहिवाटदार के अधिकार एवं कर्तव्य अबाधित रहने के लिए सरकार मुंबई सार्वजनिक विश्वस्त संस्था अधिनियम में सुधार करे । मंदिर न्यासी एवं पुजारियों के मध्य का विवाद सुलझाने के लिए 'महाराष्ट्र मंदिर महासंघ' के माध्यम से प्रयत्न करनेवाले हैं, ऐसा अधिवक्ता कौदरे ने कहा है ।

# पीएचसी में सुबह से तड़पते रहे घायल नहीं आये डॉक्टर



**कोरापटटी मे हुए मारपीट मे तीन हुए थे घायल; प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कंरजाकला का मामला**

प्रखर जौनपुर । प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करंजाकला परिसर में मारपीट मे गभीर रूप से घायल तीन लोग सुबह से 10 बजे तक तड़पते रहे, लेकिन प्रभारी चिकित्सक नहीं आए और घायलों ने हंगामा भी मचाते लापरवाही का आरोप लगाया । जानकारी के अनुसार सरायख्वाजा के कोर्रापटटी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर शनिवार की सुबह 6 दबंगों ने धारदार हथियार लेकर एक परिवार पर हमला कर दिया। जिसमें 52 वर्षीय अरविंद निषाद व उनकी पत्नी 48 वर्षीय चंद्रावती निषाद व 20 वर्षीय रुकमीना घायल हुई थी जिसमें अरविंद की हालत नाजुक बनी हुई थी।घायल सरायख्वाजा थाने पर पहुंचे ,पुलिस ने उन्हें मेडिकल मुआयना व उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र करजाकंजा भेज दिया। घायल सुबह 7 बजे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंच गए और तब से वहां बैठे रहे , मरणासन्न हाल मे अरविंद तड़पते कराहते रहे और चिकित्सा प्रभारी को घायल फोन लगाते रहे ना तो वह फोन उठाया और ना तो वह आए। 10 बजे तक वैसे ही घायल तड़पते रहे। हालांकि सूचना मिलते ही फरमासिस्ट पहुंचे, उन्होंने प्राथमिक उपचार देने को तैयार थे लेकिन मेडिकल मुआयना उपचार के लिए वह चिकित्सा प्रभारी अरूण यादव का इंतजार करते रहे। लेकिन वह नहीं आए और काफी मरीजों ने हंगामा खड़ा कर दिया,कहा कि आए दिन चिकित्सा प्रभारी नदारद रहते हैं। सरकारी आवास पर भी नहीं रहते। जिससे मरीजों का समय से उपचार नहीं हो पाता। बता दें कि चिकित्सा प्रभारी को घायलों ने उनके आवास का भी दरवाजा खटखटाया।आसपास के लोगों ने बताया वह कभी आवास पर रहते नहीं ,वह बाहर रहते हैं। सिर्फ फार्मासिस्ट के भरोसे पीएचसी चलता है। इस मामले की कई बार शिकायत सीएमओ से की गई ,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई ।चिकित्सा प्रभारी अरुण यादव से संपर्क करने की कोशिश की गई वह फोन नहीं उठाया।

# सिगरेट पीते भाई को मना करने पर भाई ने कर दी हत्या

प्रखर एजेंसी। उन्नाव जिले में बड़े भाई ने छोटे भाई को सिगरेट पीते देख छोटे भाई को डांटा फटकारा और बुरे काम से दूर रहने को समझाया पर छोटे भाई को यह नागवार गुजरा और गुस्से में तिलमिलाए छोटे भाई ने अपने बड़े भाई की डंडों से पीटकर पीटकर हत्या कर डाली। उन्नाव पुलिस के मुताबिक, छोटा भाई सिगरेट बीड़ी पीता था, जिसके लिए बड़ा भाई मना करता था। ये बात छोटे भाई को अच्छी नहीं लगती थी। उसकी किसी और बात से भी नाराज था छोटा भाई और कई बार विवाद भी हो चुका था। उन्नाव पुलिस ने आरोपी छोटे भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है। माखी थाना क्षेत्र के सोन्नदई इलाके में गुरुवार की रात रामखेलावन (42) पर उसके छोटे भाई रामचंद्र ने डंडे से हमला कर दिया। इसमें वो गंभीर रूप से घायल हो गया। परिवार के लोगों ने रामखेलावन को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।इस मामले में आरोपी भाई को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि यह दोनों लोग मछली पालने का काम करते थे। खेत बटाई में लेकर खेती करने का काम भी करते थे। गुरुवार की रात दोनों भाई तालाब के किनारे बैठे थे, तभी इन लोगों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो छोटे भाई ने बड़े भाई के ऊपर डंडों से हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई है। आरोपी भाई को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सीओ ऋषिकांत ने बताया की छोटे भाई रामचंद्र की पत्नी अपने मायके चली गई है। रामचंद्र को अंदेशा था कि बड़े भाई के परिवार ने ही उसकी पत्नी को बहका दिया है।इन दोनों बातों को लेकर वो काफी गुस्सा था।

# पत्नी से लड़ाई कर नदी में कूदकर युवक ने की आत्महत्या



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शुक्रवार की शाम अपने चचेरे भाई और पत्नी के साथ मछली लेने जा रहे युवक ने पुल पर बाइक रुकवा कर गंगा नदी में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने मछुआरों के माध्यम से शव निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सैदपुर के खानपुर क्षेत्र अंतर्गत बेलहरी गांव निवासी वीरू राजभर उम्र 21 साल अपनी पत्नी रूपा देवी और चचेरे भाई चंदन के साथ शुक्रवार की शाम मछली लेने सैदपुर गंगा पुल से जा रहा था। बाइक छोटा भाई चंदन चला रहा था। पुल से गुजरते वक्त वीरू और रूपा के बीच किसी बात को लेकर बहस होने लगी। तभी वीरु ने चचेरे भाई से बाइक रुकवाया और पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटनास्थल पर पानी कम होने के कारण वह सीधे नदी के तल से टकरा गया जिससे उसकी मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद मछुआरों ने वीरू के शव को बाहर निकाला। घटनास्थल चंदौली जनपद के बलुआ थाना होने के कारण वहां की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चचेरे भाई चंदन ने बताया की शादी के कुछ दिन बाद से ही मृतक वीरू की पत्नी रूपा अपने बेटियों को लेकर सैदपुर थाना क्षेत्र के औड़िहार गांव स्थित अपने मायके में ही रह रही थी। जिसे लेकर कुछ दिनों से वीरू और रूपा के परिजनों के बीच विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम वीरू उसे लेकर ससुराल पहुंचा वहां से पत्नी को सैदपुर बाजार घुमाने के लिए लेकर निकला। रास्ते में बताया की उसके परिचय का एक दोस्त गंगा उस पार मछली बेचता है हम सभी वहीं जा रहे हैं। तभी किसी बात कर ले कर वीरू और उसकी पत्नी में नोकझोंक होने लगी। वीरु ने मुझसे कहा गाड़ी रोको फोन पर बात करनी है। जैसे ही बाइक रुकी वह पुल की रेलिंग को फांदकर गंगा नदी में कूद गया। घटनास्थल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।

# तपती धूप में भी न्याय के लिए पहुंचे फरियादी



**पिंडरा में आये 103, निस्तारण 3**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिबस पर तपती धूप भी फरियादियो को नही रोक पाई और न्याय के लिए अधिकारियों से फरियाद करते नजर आए। लेकिन उन्हें इस बार भी आश्वासन ही मिला। पिंडरा तहसील में एसडीएम पिंडरा अंशिका दीक्षित की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित समाधान दिवस पर कुल 103 मामले आये। जिसमे मात्र 3 मामलों का निस्तारण हो पाया। तहसील दिवस के दौरान अनेई सिसवा निवासी शेषमणि द्वारा सरकारी नाली को कुछ लोग द्वारा पाट लिए जाने की शिकायत करने व पूर्व में अधिकारियों के आदेश के बावजूद भी सीमांकन के लिए अवैध सुबिधा शुल्क लेखपाल द्वारा मांगने की शिकायत की। जिसपर एसडीएम ने उक्त भूमिका को संदिग्ध देखते हुए जांच के आदेश दिया। फूलपुर के असिला निवासी आभा सिंह ने शिकायत की कि उसके पड़ोसी स्थानीय दरोगा से मिलकर शौचालय नही बनने दे रहे हैं। जबकि कागजात में सब सही है। जिसपर एसओ को राजस्व टीम के साथ मिलकर जांच के आदेश दिया। मझवा कला निवासी देवेंद्र प्रसाद सिंह ने सरकारी चकरोड दबंगों द्वारा कब्जा करने की शिकायत की। जिसपर लेखपाल को जांच के निर्देश दिया। तेलारी के महेंद्र गुप्ता ने मुंबई से गायब भाई के हिस्से की जमीन फर्जी ढंग से बैनामा करा लेने व शिकायत करने पर दबंगो द्वारा जान से मारने की धमकी दी। जिसे तहसीलदार को जांच के लिए दिया गया। शिवपुर हटिया की दुर्गावती ने विद्युत विभाग के अधिकारियों की शिकायत करते हुए बताया कि वह मझवा में खेती के लिए जमीन ली थी। लेकिन बिजली विभाग के लोग एक किनारे से बिजली का खम्बा न गाढ़ कर बीच खेत मे गाढ़ दिए। एसडीएम ने एसडीओ को जांच का आदेश दिया। वही पुआरी कला के पूर्व सैनिक व एनएसजी रहे माता प्रसाद सिंह ने गांव में सीवर लाइन बिछाने की मांग की। जिससे गांव को स्वच्छ और सुंदर रखा जा सके। तहसील दिवस के दौरान कई अधिकारियों के अनुपस्थित होने पर नोटिस जारी किया गया। तहसील दिवस पर एसीपी अमित पांडेय, तहसीलदार विकास पांडेय, बीडीओ दीपकंर आर्य, एसडीओ संजीव श्रीवास्तव, सीडीपीओ आर एन सिंह बीईओ देवीप्रसाद दुबे के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नेता जी मुलायम सिंह यादव पर झूठा जैसे आपत्तिजनक टिप्पणी ओबीसी समाज का अपमान–शाशीप्रताप




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। सुभासपा अध्यक्ष द्वारा 16 जून वाराणसी सर्किट हाउस में देश के सबसे सर्वोत्तम पिछड़े समाज के नेता के रूप में सुप्रसिद्ध नेता जी माननीय मुलायम सिंह यादव जी को झूठा शब्द से अपमान करना घोर निंदनीय है नेशनल पार्टी रासपा अध्यक्ष शशिप्रताप सिंह कड़ी आलोचना करते हुए ओपी राजभर झूठ राजभर की संज्ञा दे डाली कहा कि जिस व्यक्ति के लिए देश रोया हो उस व्यक्तित्व को इतनी शर्मनाक अपमान सीधे ओबीसी समाज अल्पसंख्यक समाज के कमजोड़ लाचार बेबस मजदूर किसान नवजवान शोषित वंचित पीड़ित का अपमान है इसका जबाब। ओबीसी समाज के एक एक व्यक्ति को देगा लोकप्रिय नेता जिसको जनता ने 7 बार विधायक बनाया 6 बार सांसद बनाया 3 बार मुख्यमंत्री बनाया एक बार रक्षा मंत्री बनाया जो लोकसभा के भीष्म पितामह कहे जाते रहे हो धरती पुत्र का अपमान कोई दिमागी विचलित आदमी ही कर सकता है इसका समूल जबाब नेशनल पार्टी रासपा समय आने पर जरूर देगी।

# जितना 70 सालों में कार्य नहीं हुआ उससे ज्यादा मोदी ने 9 साल में कर दिखाया –विशाल सिंह चंचल



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। विधानसभा सैदपुर स्थित पूर्व विधायक सुभाष पासी के कार्यालय पर बीजेपी ने नौ साल बेमिसाल लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने केंद्र सरकार की योजनाओं का बखान करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी 2014 मे जब जनता के आशीर्वाद से पूर्ण बहुमत की सरकार बनी। सरकार बनते ही लालकिले से भरोसा जताया की ये गरीबो का घर बनाने और उनके कल्याण के लिए सरकार बनी है। प्रधानमंत्री की माँ दुसरो के घरों मे बर्तन माजने का कार्य करती थी उन्होंने अपनी माँ के तकलीफो को देखा है। गरीब का बेटा ही गरीबों को समझ सकता है। सरकार बनते ही प्रधानमंत्री जी ने सड़क, बिजली, शौचालय पर तत्काल कार्य करना शुरू किया। जितना 70 सालों में कार्य नहीं हुआ उससे ज्यादा प्रधानमंत्री जी ने 9 साल में अद्भुत कार्य करके दिखाया है। जन धन योजना के तहत गरीब परिवारो का जीरो बैलेंस से खाता खुलवाने का कार्य प्रधानमंत्री ने किया है। कहाँ की अब बिना बिचौलियों के गरीबों के खाते में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे उनके खाते में पूरा–पूरा पहुंचता है। कहाँ की सरकार में गरीब मजदूर महिलाओं को बराबरी का दर्जा मिलने के साथ ही बेरोजगारों को रोजगार व जिनके पास घर नहीं है उन्हें आवास देकर गरीबो का सम्मान के साथ महिलाओं को किचन में परेशानी से बचाने के लिए उज्जवला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन भी उपलब्ध कराए गए हैं। युवा व्यवसायियों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 50 हजार से लेकर 10 लाख तक का ऋण देकर आमजन के भविष्य को सवारने का कार्य किया है। भरोसा दिलाया कि भविष्य में ही भाजपा सबका साथ, सबका विकास की सोच के साथ ही कार्य कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का फायदा पहुंचाने का कार्य करती रहेगी। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी कृष्ण बिहारी राय, जिला अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक सुभाष पासी, किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह, वरिष्ठ नेता ओमकार मिश्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला सोनकर, पूर्व चेयरमैन श्रीमती शीला सोनकर, जिला महामंत्री दया शंकर पांडे, श्रीमती पूनम मौर्या, पूर्व उपाध्यक्ष रमन सिंह पप्पू, वरिष्ठ नेता नरेंद्र पाठक, मंडल अध्यक्ष अश्वनी पांडे, मंडल अध्यक्ष श्याम कुमार मौर्या, एमएलसी प्रतिनिधि डॉ प्रदीप पाठक, अनूप जायसवाल उर्फ अनुराग, जिला पंचायत सदस्य अभय सिंह, अंशु सिंह, मंडल अध्यक्ष प्रवीण त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष मार्कंडेय चौहान, श्रीमती माया सिंह, दिलीप गुप्ता, अजीत सिंह, हरि शरण वर्मा, धीरज सिंह सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# उत्तर प्रदेश में दिखेगा तूफान, 18 जून से 3 दिन तक तेज हवा और बारिश के आसार



प्रखर एजेंसी। चक्रवातीय तूफान का ही असर है कि अब उत्तर प्रदेश की पछुवा हवा में थोड़ी नमी आनी शुरू हो गई है। आंचलिक मौसम विज्ञान केन्द्र के मौसम विज्ञानी अतुल कुमार सिंह के अनुसार दो दिन बाद उत्तर प्रदेश के मौसम पर इस चक्रवातीय तूफान का असर पड़ना शुरू हो जाएगा,गुजरात में सौराष्ट्र व कच्छ होते हुए यह पूर्वी राजस्थान के रास्ते उत्तर प्रदेश में दाखिल होगा। इसके असर के चलते उत्तर प्रदेश में 18 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में और फिर 19 जून को पूरे उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलेगी, साथ ही बारिश भी होगी। इसके बाद 20 जून को भी बारिश के आसार हैं। इसी बीच पूर्वी बिहार के रास्तेदक्षिणी–पश्चिमी मानसून उत्तर प्रदेश में दाखिल होने के लिए भी स्थितियां अनुकूल बन रही हैं। उन्होंने बताया कि समुद्री इलाके में मिल रही नमी से चक्रवातीय तूफान का असर प्रचण्ड रहेगा। मगर जैसे ही यह कच्छ और राजस्थान की जमीनी सतह पर आएगा। इसे नमी मिलना बंद हो जाएगी और फिर यह यूपी पहुंचते–पहुंचते कमजोर पड़ने लगेगा।

# आगामी कांवड़ मेले में आने वाले कांवड़ियों का सफाई शुल्क के साथ सरकार की ओर से पंजीकरण किए जाने की मांग को लेकर हुई बैठक



प्रखर पूर्वांचल हरिद्वार। आगामी कांवड़ मेले दृष्टिगत मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशन में निर्विघ्न संपन्न होने की उद्देश्यों की पूर्ति के लिए गैर राजनीतिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने पूर्व मंडी अध्यक्ष भाजपा नेता संजय चोपड़ा की अध्यक्षता में पुरानी सब्जी मंडी स्थित कार्यालय पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का संचालन वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता संजय बंसल ने किया बैठक के माध्यम से ईमेल द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल को संयुक्त रूप से पत्र भेजकर आगामी कांवड़ मेले के दौरान अन्य राज्यों से आने वाले कांवड़ियों के सुविधा शुल्क के साथ पंजीकरण किए जाने की मांग को प्रमुखता से दोहराया। इस अवसर पर पूर्व मंडी अध्यक्ष भाजपा नेता संजय चोपड़ा ने कहा लगातार जिस प्रकार से पुरोला, उत्तरकाशी, केदारनाथ, हल्द्वानी इत्यादि क्षेत्रों में यात्रियों के साथ मार पिटाई की घटनाएं हो रही हैं वह निंदनीय है उन्होंने कहा उत्तराखंड सरकार की और से आगामी कावड़ मेला 2023 में आने वाले कांवड़ियों का सफाई शुल्क के साथ पंजीकरण किया जाना न्याय संगत होगा। उन्होंने यह भी कहा कांवड़ मेले के दौरान जो बाजार नगर निगम प्रशासन द्वारा बनाए जाते हैं उसमें उत्ताराखंड के निवासियों को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए उन्होंने यह भी कहा अंग्रेजी हुकूमत के दौरान महामना पंडित मदन मोहन मालवीय द्वारा किए गए अनुबंध का धर्मनगरी हरिद्वार में जिला प्रशासन की और से कड़ी सच्चाई के साथ लागू किया जाना चाहिए। इस अवसर पर केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड के पूर्व सदस्य आलोक मिश्रा ने कहा धर्मनगरी हरिद्वार का स्वरूप बाहर से आने वाले व्यवसाय की वजह से बिगड़ता जा रहा है जोकि चिंता का विषय है अन्य राज्यों से आकर उत्तराखंड राज्य में अपनी व्यवसाय गतिविधि चलाने वाले भारी व्यक्तियों का पुलिस प्रशासन द्वारा सत्यापन के उपरांत नगर निगम द्वारा पंजीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड बनने के उपरांत राज्य सरकारों द्वारा बहुत सी योजनाएं उत्तराखंड वासियों के लिए बनाई गई हैं लेकिन प्रशासनिक व्यवस्था की लापरवाही की वजह से उत्तराखंडियों को उन योजनाओं का लाभ समय से नहीं मिल पाता है जो कि अन्याय पूर्ण है। बैठक में विचार व्यक्त करते वरिष्ठ व्यापारी नेता राजेश खुराना, श्रमिक कल्याण परिषद के महामंत्री कुंवर सिंह मंडवाल, उत्तराखंड पर्वतीय सभा के सह संयोजक सुंदरलाल राजपूत, डॉ. तारकेश्वर सिंह, लघु व्यापार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार एंथनी, चौकीदार संगठन के संजीव कुमार गुप्ता, श्याम सुंदर रतूड़ी, आदित्य कोठारी, चंदन सिंह रावत, जय सिंह बिष्ट, राजेश अरोड़ा, रवि सभरवाल, हंसराज दुआ, मुकेश कुमार, मोहनलाल, डॉ. अनिल शर्मा आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

## लहुराबीर व्यवसाई समिति का स्थापना दिवस एवं साधारण सभा सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। लहुराबीर व्यवसाई समिति (रजिस्टर्ड) संस्था का स्थापना दिवस एवं साधारण सभा तथा सदस्यता प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ सदस्यों के भारी उपस्थिति में आईएमए भवन लहुराबीर स्थित सभागार मे मनाया गया द्य संचालन कर रहे महामंत्री दिनेश अग्रवाल ने गत वर्ष स्थापना से लेकर अब तक की सफल यात्रा का पूरा विवरण रखा संगठन की एकता, आपसी एकजुटता तथा क्षेत्र के व्यापार की वृद्धि पर विशेष बल दिया गया तदुपरांत कोषाध्यक्ष, अरुण जी द्वारा आय व्यय का लेखा जोखा सदस्यों के बीच रखा द्य इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर अशोक तिवारी, व नगर आयुक्त शिपू गिरी एवं पुलिस उपायुक्त, यातायात राजेश पांडेय तथा विशिष्ट अतिथि आर.के चौधरी, प्रेम मिश्रा, श्री नारायण खेमका, अशोक जायसवाल एवं सम्मानित अतिथि, हीरा चंद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, रवि प्रकाश अग्रवाल, शंकर लाल तोदी,रूप चंद अग्रवाल, विक्रम सिंह, अनुपम राय, शुभम, हर्षित अग्रवाल, अंकित, प्रमोद मौर्य, दिव्यांश यादव की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता रजनीश कनौजिया एव संचालन दिनेश अग्रवाल ने किया। समिति के पदाधिकारी रामकुमार अग्रवाल, अमित पांडेय,प्रदीप गिनोडिया, मनीष जी, जितेंद्र पटेल, राजेश गुप्ता, सदस्य राजा अग्रवाल, आशीष, संजीव एव भारी संख्या मे व्यापारीयों की गरिमा मय उपस्थिति रहीं। अतिथियों व व्यापारियों का धन्यवाद एवं आभार उपाध्यक्ष संजय चौबे ने किया।

# ये कथा है जीवन का सार जहां कर्तव्य बना प्रेम का आधार सृष्टि की पहली प्रेम कथा




प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत समृद्ध पौराणिक कथाओं का देश है जो इसके सांस्कृतिक ताने–बाने में बुने हुए हैं। पीढ़ियों से चली आ रही प्राचीन कहानियां लोगों के जीवन के सफर में कालातीत मार्गदर्शक के रूप में काम करती रही हैं द्य सभी भावनाओं से परे, सबसे शक्तिशाली प्रेम गाथा को चित्रित करते हुए, कलर्स की नई महाकृति 'शिव शक्ति – तप त्याग तांडव' दो पूजनीय देवताओं शिव और शक्ति के इर्द–गिर्द घूमती है यह उनके कर्तव्य, त्याग और अलग होने की सफर को दर्शाता है जिससे होकर वे तप, त्याग और तांडव की ओर जाते हैं। लॉन्च से पहले इन देवताओं की महिमा का जश्न मनाने के लिए, भारत की आध्यात्मिक राजधानी वाराणसी में पूरे शहर को डॉ. राजेंद्र प्रसाद घाट पर आरती में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था मासिक शिवरात्रि के शुभ अवसर पर, इस आकर्षक शहर के लोगों ने क्रमशः शिव और शक्ति की भूमिका निभा रहे मुख्य अभिनेताओं राम यशवर्धन और सुभा राजपूत द्वारा प्रस्तुत दिव्य नृत्य, श्प्रेम तांडवश देखा। एक असाधारण कैनवास पर पौराणिक शैली के शो को क्यूरेट करने के बाद, पौराणिक कथाओं के राजा सिद्धार्थ कुमार तिवारी एक विजुअली शानदार गाथा लेकर आए हैं द्य वाराणसी की धर्मपरायणता में डूबे सिद्धार्थ कुमार तिवारी ने महाआरती की बेहतरीन वीएफएक्स और भावपूर्ण संगीत से समृद्ध, 'शिव शक्ति – तप त्याग तांडव' सिद्धार्थ कुमार तिवारी के स्वस्तिक प्रोडक्शंस द्वारा बनाया गया और निर्मित है जिसका प्रीमियर 19 जून को होगा और प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार रात 8 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होगा।

# पुलिस ने गांजा के साथ युवक को किया गिरफ्तार



प्रखर जौनपुर। स्थानीय थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह के कुशल नेतृत्व में अपराधियों तथा अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने एक युवक को दो किलो सौ ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार अभियान के क्रम में उपनिरीक्षक लक्ष्मण सिंह हेडकांस्टेबल अंगद सिंह व संजय कुमार के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन की जांच कर रहे थे। इस दौरान विश्वसनीय सूचना पर पुलिस ने शोखाही पुलिया के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया। पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान युवक के पास से 2 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान थाना क्षेत्र के कटका गांव निवासी शैलेन्द्र प्रताप यादव पुत्र हरिश्चन्द्र यादव के रूप में हुई। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ धारा 8द्20 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही के उपरान्त चालान न्यायालय भेज दिया।

# इंटर की छात्रा से दुष्कर्म का प्रयास

## जान से मारने की मिल रही धमकी, दबंगों के खौफ से सहमा परिवार



**मुकदमा दर्ज होते ही गिरफ्तारी में जुटी पुलिस**

प्रखर जौनपुर। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला अजमेरी बड़ी मस्जिद निवासी इंटरमीडिएट की एक प्रतिभाशाली छात्रा के साथ मोहल्ले के दबंग व्यक्ति ने दुष्कर्म का प्रयास किया है। पीड़िता की वृद्ध मां बचाव के लिए आई तो उन्हें जमीन पर पटक कर बुरी तरह से मारा पीटा। उधर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है बेखौफ दबंग व्यक्ति पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी देने लगा है। उक्त मोहल्ला निवासी 22 वर्षीय प्रतिभाशाली छात्रा ने बताया कि उसके परिवार के सभी पुरुष सदस्य मुंबई में रहकर रोजगार करते हैं । घर में सिर्फ एक वृद्ध मां रहती हैं। मेरे मोहल्ले का एक मनबढ़ दबंग किस्म का व्यक्ति इरशाद अहमद पुत्र मकसूद अहमद जो पिछले कई दिनों से मेरे साथ छेड़खानी और अश्लील हरकत करता है। 15 जून की रात 12 बजे जब मैं अपने घर का सारा कामकाज करके अपनी वृद्ध मां को नीचे कमरे में सुला कर ऊपर छत पर मैं सोने जा रही थी । इस दौरान इरशाद अहमद बांस की सीढ़ी लगाकर मेरे कमरे में घुस आया। और मेरे कपड़े फाड़ते हुए मुंह दबा कर मेरे साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। हमने शोर मचाया तो मेरी वृद्ध मां किसी प्रकार छत पर पहुंची। उन्होंने मुझे नग्न अवस्था में देखते हुए जोर से शोर मचाया तो दबंग ने उन्हें भी ढकेल कर जमीन पर पटक कर मारा पीटा अधिक शोर होने पर मोहल्ले के लोग आए। काफी घेराबंदी के बाद दबंग व्यक्ति को लोगों ने पकड़ लिया। हमने यूपी 112 पर डायल कर पुलिस को बुलाया तो पुलिस उसे कोतवाली ले गई। इस संबंध में नगर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आरोपी युवक इरशाद अहमद पुत्र मकसूद अहमद निवासी मोहल्ला रौजाअर्जन थाना कोतवाली के खिलाफ आईपीसी की धारा 323, 345 ख के तहत मुकदमा दर्ज करके पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# विद्युत विभाग एवं बिजीलेंस ने कई मोहल्लों में मारा छापा, 48 पर मुकदमा दर्ज



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शहर क्षेत्र में भीषण गर्मी के वजह से बिजली फाल्ट और लाइन लास की शिकायत पर बिजली विभाग और बिजलेंस की टीम द्वारा ताबड़तोड़ मॉर्निंग रेड की गई। बिजली विभाग और विजिलेंस की मॉर्निंग रेड से आस पास के मुहल्लों में अफरा तफरी मची रही। आज के मॉर्निंग रेड में 48 घरों में कटिया कनेक्शन और मीटर से बाईपास कनेक्शन कर बिजली चोरी करते पकड़े गए। बिजली चोरी में पकड़े गए उपभोक्ताओं के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में बिजलेंस थाना रौजा में एफआईआर दर्ज कराया गया। दरअसल सदर कोतवाली इलाके के कागजी मोहल्ला समेत आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों में बिजली विभाग और बिजलेंस की टीम के द्वारा कटियामार कनेक्शन और मीटर से बाईपास कर बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ मॉर्निंग रेड किया गया। ये मॉर्निंग रेड एसडीओ टाऊन सुधीर कुमार एवं बिजलेंस इंस्पेक्टर धनंजय यादव व जेई पंकज चौहान के नेतृत्व में कटियामार और मीटर से बाईपास कर विद्युत चोरी करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ किया गया। इस दौरान सहायक अभियंता सुधीर कुमार ने बताया कि शहर के कई फीडर व मोहल्ला हाई लाइन लांस में है। जिससे आए दिन ट्रांसफार्मर फुकना, तार टूटना, लो वोल्टेज होना पाया गया था, जो इसी कड़ी में आज सुबह मार्निंग रेड किया गया । जिसमे 48 लोग मौके पर विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। उन सभी लोगो के खिलाफ विद्युत चोरी में बिजिलेंस थाने पर मुकदमा करवाया गया।

# गोल्ड मेडल जीतकर अपूर्व रंजन ने किया जनपद का नाम रोशन



प्रखर केराकत जौनपुर। लखनऊ में आयोजित सेकेंड आल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप में गोल्ड मेंडल जीतकर अपूर्व रंजन ने दाऊदपुर (सेनापुर) गांव समेत जनपद का नाम रोशन कर कीर्तिमान स्थापित किया। गौरतलब है कि प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सेकेंड आल इंडिया ओपन कराटे चौंपियनशिप प्रतियोगिता आयोजित की गयी। जिसमें बड़े ही उत्साह के साथ विभिन्न प्रदेशों से आए प्रतिभागी छात्रों ने प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाये ।प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश,कर्नाटक,दिल्ली,झारखंड मध्य प्रदेश,महाराष्ट्र व पंजाब से प्रतिभागी छात्रों ने भाग लिया। उक्त प्रतियोगिता में दाउदपुर (सेनापुर) गांव के आल राउंडर खिलाड़ी व सहायक अध्यापक योगेंद्र कुमार के पुत्र अपूर्व रंजन ने केडी स्पोर्ट एकेडमी की तरफ से प्रतियोगिता में भाग लिया ।अपूर्व रंजन ने प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए 11 वर्ष के 45 भार वर्ग में कर्नाटक को पछाड़कर गोल्ड मेंडल हासिल कर जनपद का नाम रोशन किया ।जीत की खबर मिलते ही परिवार में खुशी की लहर दौड़ पड़ी बधाई देने वालों का तांता दाऊदपुर (सेनापुर) में लगा रहा परिजनों ने बेटे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किये ।अपूर्व रंजन ने जीत का श्रेय कोच सोनू यादव समेत परिवार वालो को दी। इस अवसर पर दादी तज्जी देवी,माता ऊषा देवी,शिक्षक अमरनाथ,जयप्रकाश,पूर्व प्रधान रमेश कुमार,सुभाष शामील, विनोद कुमार,अंकित,चंचल,छोटू समेत सौरभ मौजूद रहे।

# विद्युत समाधान दिवस का किया गया आयोजन, 80 शिकायतों का किया निवारण



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन के निर्देशानुसार विद्युत वितरण खण्ड चतुर्थ जमानिया के अंतर्गत सब डिवीजन दिलदारनगर के सायर उपकेंद्र पर विद्युत समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमे अधिशासी अभियंता हेमंत सिंह ने बताया कि शायर पावर हाउस के शायर गांव के पंचायत भवन में बिजली विभाग का मेगा कैंप का आयोजन किया गया था। जिसमें लगभग 80 उपभोक्ताओं की समस्यायों का निस्तारण किया गया वही राजस्व वसूली डेढ़ लाख किए गया तथा 10 लोगों का डबल बिल बंद किया गया। 15 लोगों का मौके पर मीटर लगाया गया वही बकाए पर 10 लोगों की लाइन खोली गई तथा जिनका मीटर में कुछ समस्या थी उसको मौके पर सही कराकर लोगों का समाधान किया गया। उपर्युक्त कैंप में एसडीओ दिलदारनगर इंजीनियर कमलेश प्रजापति, जेई शायर शशिकांत पटेल, ऑपरेटर रामविलास यादव,बड़े बाबू मुकेश कुमार तथा सायर के समस्त कर्मचारी तथा मीटर रीडर उपस्थित रहे।

# ग्रामीण आजीविका के तहत महिलाओं को किया गया जागरूक



प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के सरायबीरू गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय के परिसर में शनिवार की दोपहर राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा स्वय सहायता समूह की 70 महिलाओं को प्रशिक्षित किया गया ।इस दौरान आचार, पापड़,मुरब्बा, जैम,चटनी, आदि किस्मों का प्रशिक्षण दिया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से पहुंचे आस्था महिला एवं बाल विकास संस्था के संस्थापक संतोष पाण्डेय ने बताया कि महिलाओं के द्वारा स्वरोजगार के तहत बनी चीजों को मार्केट में लाने की सलाह दी गई ।संस्था अपनी टीम के साथ समूह के महिलाओं के प्रोडक्शन एव मार्केटिंग में पूरी मदद करने के साथ ही महिलाओं द्वारा बनाई गई सामानों को बड़े व्यापारियों की माध्यम से बाजारों में विक्री कराएगी व आस पास में भी मार्केटिंग की जायेगी उन्होंने कहा कि केराकत में बनी आचार मुरब्बा की ऑनलाइन अमेजिंग,फ्लिफकार्ट व जोमेटो जैसे ऐप्स पर भी बिकेंगे।

# भाकपा माले ने भू–माफियाओं के खिलाफ एसडीएम को दिया पत्रक



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। तहसील जखनियां के ग्राम भरतपुर में स्थानीय तहसील प्रशासन की मिली भगत से गांव के भू माफिया व दबंगों ने ग्राम समाज, भीटा सोरे की भूमि को अबैध रूप से कब्जा किया है जिसके खिलाफ गांव के सैकड़ों महिला पुरूष भाकपा माले के नेतृत्व में आज तहसील मुख्यालय पर उपजिलाधिकारी के नाम मांग पत्र दिया गया। मांग पत्र लेने मौके पर आए जखनियां तहसीलदार महोदय से भाकपा माले नेता गुलाब सिंह ने कहा कि गांव गांव गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला कर झुग्गी झोपड़ियों को उजाड़ा जा रहा है, और वहीं पर भू माफियाओं को प्रशासन संरक्षण देने में लगा है। यह भरतपुर की घटना तो एक है लेकिन गांव गांव की बात है जिसपर तहसील प्रशासन ध्यान नहीं देता है। उपरोक्त मांग पत्र पर 10 दिन में उचित कानूनी कार्रवाई करते हुए भू माफियाओं से जमीन खाली कराने का आश्वासन तहसीलदार महोदय द्वारा दिया गया तब ग्रामीण वापस हुए। और ऐसा नहीं होने पर आन्दोलन तेज किया जाएगा। इस मौके पर प्रमुख रूप से गुलाब सिंह, लालबहादुर बागी, श्रीकांत राम, हंसा देवी, मोनू सिंह, रणधीर सिंह, रीता देवी आदि लोग शामिल रहे। अध्यक्षता गुलाब सिंह व संचालन लालबहादुर बागी ने किया।

# काष्ठ खराद खिलौना जिला वाराणसी समिति के तत्वावधान में हुई संयुक्त बैठक



प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। काष्ठ खराद खिलौना जिला वाराणसी समिति के तत्वावधान में शनिवार को संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया इस दौरान कमेटी का नए सिरे से गठन किया गया द्य व्यापारियों ने सर्वसम्मति से हिंदू युवा वाहिनी वाराणसी के नि0 वर्तमान मंडल प्रभारी व वीडीए सदस्य अंबरीश सिंह भोला को मुख्य संरक्षक और महानगर प्रभारी मनीष मिश्रा को सह संरक्षक घोषित किया साथ ही अपनी समस्या को प्रमुखता से उठाया। बैठक में काष्ठ खराद खिलौना से जुड़े सभी व्यापारीगढ़ उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि बिजली की समस्या के साथ ही लकड़ी की दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, जिससे व्यापार में काफी नुकसान हो रहा है। इन सब बातों पर विस्तार से चर्चा किया गया द्य सभी बातों को सुनने के बाद अम्बरीष सिंह भोला ने आश्वत किया कि व्यापारियों की समस्या को मुख्यमंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ जी महाराज को अवगत कराएंगे द्य कमेटी में गुरुप्रसाद जायसवाल को संयोजक, आनंद वर्मा को अध्यक्ष, राजकुमार सिंह महामंत्री, ईश्वर चंद्र केशरी कोषाध्यक्ष और सोनू वर्मा, किशन गुप्ता, ललित वर्मा को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। मुख्य रूप से अश्वनी गुप्ता नि0 महानगर मीडिया प्रभारी हिंदू युवा वाहिनी, रूद्र प्रताप पांडे नि0 महानगर उपाध्यक्ष एवम समस्त काष्ठ कला से जुड़े व्यापारीगढ़ एवं कारीगर सहित सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# स्वस्थ्य बच्चे, स्वस्थ्य भारत के तहत हुई तहसील में बैठक

**बैठक में लिए गए कई महत्वपूर्ण निर्णय**

प्रखर पिंडरा वाराणसी। पिंडरा तहसील के सभागर में तहसील स्तरीय बाल विकास विभाग व कन्वर्जेंस विभाग की बैठक शनिवार को एसडीएम पिंडरा की अध्यक्षता में हुई। जिसमे विभिन्न विभागों को समन्वय स्थापित करते हुए बाल विकास विभाग द्वारा जून , जुलाई व अगस्त माह में चलने वाले विभिन्न कार्यक्रमो को सफल बनाने के बाबत रणनीति बनाई गई और उसके सफलता के लिए विभागवार जिम्मेदारी तय की गई। जून माह में बाल विकास विभाग द्वारा 0से 5 वर्ष के बच्चों का वजन कर उनका श्रेणी निर्धारित करने तथा अतिकुपोषित बच्चो के बारे में तुरंत स्वास्थ्य विभाग को सूचित करने का निर्देश दिया। जुलाई माह में स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर टीकाकरण व दवाएं देने व पोषण चौपाल लगाने तथा अगस्त माह में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य चेकअप के साथ टीकाकरण करने तथा चिन्हित महिलाओं के ग्राम विकास द्वारा जॉब कार्ड, आपूर्ति विभाग द्वारा राशन कार्ड व कृषि विभाग द्वारा पोषण वाटिका प्रत्येक ग्राम पंचायतों में विकसित करने का निर्देश दिया। सीडीपीओ आर एन सिंह ने समस्त कार्य योजना की प्रस्तुति की। बैठक में एसडीएम अंशिका दीक्षित के अलावा बीडीओ पिंडरा, बड़ागांव व हरहुआ तथा तहसील स्तर के समस्त सीडीपीओ , बीईओ , चिकित्सा अधिकारी, एडीओ पंचायत समेत अनेक अधिकारी रहे।

# बेटे से अजीज होकर पिता ने एसडीएम को शपथ पत्रक सौप लगाई न्याय की गुहार

प्रखर केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र के चकरामनगर गांव निवासी बच्चेलाल यादव बेटे से अजीज होकर शुक्रवार को उपजिलाधिकारी से मिल शपथ पत्र सौप न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित का आरोप है कि बड़ा बेटा राजू यादव बुरे लोगो के संगत में होने की कारण बिगड़ गया है आये दिन शराब पीकर अपनी पत्नी से झगड़ा करने के साथ ही पत्नी के सारे गहने बेच दिया है ।और चोरी छिनैती भी करता है पीड़ित ने बताया कि राजू यादव समाज में मारपीट व अपराध के कारण परिवार से बहिस्कृत कर दिया गया है । इस संबंध से उच्चाधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है ।भविष्य में राजू यादव द्वारा अपराध अथवा समाज विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने से अपराध करता है तो परिवार से कोई वास्ता सरोकार नहीं होगा इसलिए शपथ पत्र को तहसील व स्थानीय थाना समेत अन्य थानों पर भेजा जाय।

**प्रखर पूर्वांचल**

RNIUPHIN/2016/68754

मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित

सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001

सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802

सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।

ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं